# गुरु पूर्णिमा : कहीं गुरु का वंदन, तो कहीं प्रभु का पूजन

## जिलेभर में धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा पर्व, शिक्षण संस्थाओं में भी हुए आयोजन

**शाजापुर, 10 जुलाई. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर में कई स्थानों पर धार्मिक आयोजन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा. शहर के प्राचीन और रमणीय स्थल भैरव टेकरी पर हजारों भक्तों ने श्रद्धा के साथ भैरव बाबा के चरणों में माथा टेका, तो वहीं लालघाटी स्थित बापू की कुटिया पर पंच कुंडीय महायज्ञ की पूर्णाहूति हुई. इसके साथ ही शिक्षण संस्थाओं में भी गुरुओं का पूजन कर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया.**



गुरुवार को आषाढ़ी पूर्णिमा पर घर-घर में भैरव महाराज की पूजा हुई. साथ ही कई स्थानों पर गुरु का पूजन भी किया गया. इसके लिए विभिन्न मंदिरों में बुधवार को सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी. भंसाली मोहल्ला स्थित भैरव मंदिर पर पूर्णिमा पर विशेष पूजा-अर्चना की गई. यहां सुबह भैरव महाराज का विशेष श्रृंगार कर पूजा की गई. उसके बाद हवन हुआ. वहीं शाम को महाआरती की गई. इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद लिया. वहीं भैरव टेकरी पर भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा. यहां वर्ष में एक बार ही श्रद्धालु हजारों की तादात में पहुंचते हैं. बता दें सुबह करीब 6 बजे से ही भैरव डूंगरी के पुजारी द्वारा बाबा भैरव नाथ का अभिषेक कर श्रृंगार व पूजन किया. इसके बाद से ही वहां लोगों का आना शुरू हो गया और यह सिलसिला शाम तक जारी रहा, तो शाम को भी नगर कोतवाल के दरबार में भारी भीड़ जमा थी. शाम को भैरव डूंगरी पर बाबा भैरव नाथ की महाआरती कर पूजन किया.



### डूंगरी की 511 सीढ़ियां चढ़कर भक्त पहुंचे भैरव बाबा के दर

इस वर्ष भी नगरवासी 999 फीट ऊंची पहाड़ी पर 511 सीढ़ियां चढ़कर नगर कोतवाल के दर्शन करने पहुंचे. भक्तों की सुविधा के लिए यहां ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग ने 16 लाख रुपए की लागत से सीढ़ियों के दोनों ओर रेलिंग लगाई, जिससे श्रद्धालुओं को डूंगरी पर चढ़ने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई. वहीं डूंगरी के नीचे मेले का भी आयोजन किया गया. जहां नगर पालिका ने पानी, बिजली और रोशनी की व्यवस्था की थी. मेले में करीब 50 दुकानें और झूले लगे. यातायात पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की थी.



### यहां भी हुए आयोजन

शहर के नित्यानंद आश्रम, ब्रह्मकुमारी आश्रम पर भी गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया. वहीं नागनागनी रोड स्थित अखंड आश्रम में भी गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया. यहां शहरवासियों ने गुरु जी का आशीर्वाद लिया. सोमवारिया बाजार स्थित भैरव महाराज के मंदिर में भी व्यवसायियों द्वारा पूजा-अर्चना कर महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया.

### बापू की कुटिया पर यज्ञ कुंड में दी गई पूर्णाहूति

लालघाटी स्थित बापू की कुटिया पर गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पंच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा था. पांच दिवसीय यज्ञ में पंडित रोजाना सुख-समृद्धि के लिए आहुति दे रहे थे. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई. इस अवसर पर बापू की कुटिया पर हजारों की संख्या में भक्तजनों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया.



### महाविद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस, बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में शासन के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ व राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा की अध्यक्षता में मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के बाद गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया. अतिथि परिचय प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बीएल मालवीय ने दिया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा गया. आयोजन के मुख्य वक्ता के रूप में भगवताचार्य अखिलेश व्यास उपस्थित रहे, जिन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा पर विस्तार व्याख्यान दिया. राष्ट्रीय कवि बीएल सौराष्ट्रीय ने आश्रमी शिक्षा की वर्तमान प्रासंगिकता पर कविता के माध्यम से अपने विचार रखे. इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक अमृतलाल मालवीय ने कबीर के दोहों के माध्यम से गुरु शिष्य परंपरा को दर्शाया. तत्पश्चात महाविद्यालय की राष्ट्रीय योजना इकाई के माध्यम से महाविद्यालय के उपस्थित गुरुओं का भी तिलक लगाकर सम्मान किया. इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ, विद्यार्थीगण, शोधार्थीगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की लक्ष्मी पुष्पद ने किया. आभार डॉ. दिनेश निगवाल ने माना.

### गर्ल्स कॉलेज में बताया गुरु शिष्य परंपरा का महत्व



किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया. इसके बाद महाविद्यालय में गुरुजनों का सम्मान, भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर उद्बोधन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीकेएसएन कॉलेज की सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. शकीला खान उपस्थित थी. अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पी. मूंदड़ा ने की. सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इसके बाद प्रो. खान का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया. प्रो. खान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में गुरु शिष्य परंपरा के महत्व पर उद्बोधन दिया. प्राचार्य डॉ. मूंदड़ा ने गुरु शिष्य संबंधों पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि शिष्य को अपने गुरु का सम्मान एवं आदर करना चाहिए. इस अवसर पर जेपी माथुर, अनिल नागर, श्रीमती दीपिका गुप्ता, आदित्य सक्सेना, नरेन्द्र कुमार भाटी, डॉ. रितेश महाड़िक, डॉ. ऋचा सक्सेना, डॉ. कपिल जाटव, श्रीमती शबाना कुरैशी, नितेश गुप्ता, शंकरलाल कुशवाह, विजय सिंह विश्वकर्मा सहित छात्राएं उपस्थित रहीं. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संदीप कुमार सिंह ने किया.

## एक नजर में

### कालापीपल के तालाब निर्माण कार्य का परीक्षण कराएं

**शाजापुर, 10 जुलाई.** अमृत योजना 2.0 योजना के तहत कालापीपल में तालाब पर किए गए स्टोन पीचिंग, वृक्षारोपण, डिसिल्टिंग आदि के कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने कार्य की गुणवत्ता का जल संसाधन एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्रियों से परीक्षण कराने के निर्देश दिए. साथ ही कलेक्टर ने नगर परिषद कालापीपल के सीएमओ को भी कारण बताओ सूचना पत्र देने तथा भुगतान रोकने के निर्देश दिए. कलेक्टर सुश्री बाफना ने गत दिवस कालापीपल एवं अकोदिया क्षेत्र के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया. कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा अकोदिया में 19857 लाख रुपए लागत से सांदीपनि विद्यालय के सामने निर्मित किए जा रहे बायपास, राणोगंज में छतरी तक 72 लाख रुपए लागत से निर्माणाधीन सीसी सड़क तथा ग्राम जेठड़ा में कालापीपल तक कुल 12.6 किलोमीटर निर्माणाधीन सड़क लागत 16.82 करोड़ रुपए का निरीक्षण किया. इस दौरान कलेक्टर ने जेठड़ा से कालापीपल सड़क मार्ग के बीच में पहले से बने आम रास्ते के लिए पहुंच मार्ग प्रदान करने के निर्देश दिए. इसी तरह राणोगंज सड़क के दोनों ओर नाली बनाने के निर्देश भी दिए. भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने नगरपरिषद कालापीपल में वृक्षारोपण किया. इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल भी मौजूद थे. भ्रमण के दौरान ग्राम मनसाया में कलेक्टर ने लगभग 25 हजार रुपए लागत से निर्माणाधीन डगवेल रिचार्ज कार्य तथा कृषक करणसिंह के खेत में 55 हजार 865 रुपए लागत से निर्माणाधीन खेत तालाब तथा ग्राम में ही 9 लाख रुपए से निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया. निरीक्षण में कलेक्टर ने खिड़कियों में जाली लगाने तथा काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए.

### कॉलोनी में नहीं हुआ विकास, रेरा ने लगाई 38 लाख रूपए की पैनल्टी

**शुजालपुर, 10 जुलाई.** शहर में आष्टा रोड पर स्थित मंगल विहार कॉलोनी में विकास नहीं होने पर रहवासियों द्वारा भू संपदा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण मध्यप्रदेश के समक्ष लगाई गई याचिका पर निर्णय सुनाते हुए कॉलोनाइजर पर लाखों की पैनल्टी एवं भू खंड विक्रय पंजीयन पर रोक लगाई गई. अधिवक्ता अवनिश सक्सेना ने बताया कि मंगल विहार कॉलोनी में मकान खरीदने के लिए बुकिंग करने वाले हेमंत सिंह बैस, राज सलूजा, लक्ष्मी परमार ने वाद दायर किया था, जिसमें कहा गया था कि उनके द्वारा प्लॉट एवं डूप्लेक्स भवन निर्माण के लिए राशि अदा की थी, लेकिन कॉलोनाइजर ने निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नहीं किया और इस प्रोजेक्ट को अपूर्ण छोड़कर फरार हो गया. आवेदकों ने क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने की मांग की थी. रेरा ने आवेदकों के तर्क सुने और पाया कि कॉलोनाइजर ने अनुबंध एवं नियमानुसार कार्य नहीं किया. इस कॉलोनी का निर्माण मुनवॉक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर उत्तम शर्मा एवं सलीम खान ने किया था. रेरा ने अपने आदेश में विकास नहीं होने पर ब्याज सहित 38 लाख रुपए की पैनल्टी लगाते हुए रेरा रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर पंजीयन पर रोक लगाई. साथ ही आवेदकों को क्षतिपूर्ति राशि अदा करने के भी आदेश पारित किए.

### शिव भक्तों के लिए श्रावण माह में उज्जैन-भोपाल के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**शुजालपुर, 10 जुलाई.** रेलवे अपडाउनर प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन शाखा शुजालपुर के द्वारा पिछले दिनों मंडल रेल प्रबंधक रतलाम के नाम सौंपे गए ज्ञापन के बाद मंडल के द्वारा उक्त पत्र में दो बिंदुओं पर सकारात्मक रुख दिखाया है. लंबे समय से स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगाने का कार्य अधूरा था, जिसे अब तेज गति से किया जा रहा है, तीनों प्लेटफॉर्मों पर सिस्टम लगाने का कार्य अंतिम दौर में है, कुछ दिनों की टेस्टिंग के बाद यह यात्रियों के काम आने लगेंगे, वहीं उक्त मांग पत्र में सावन महीने में उज्जैन से भोपाल के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की थी, जिसे भी स्वीकार करते हुए 10 जुलाई से 1 सितंबर तक विशेष किराए पर अनारक्षित स्पेशल गाड़ी का संचालन किया जाएगा. उज्जैन-भोपाल स्पेशल गाड़ी शुजालपुर में समय रात 10.48 पीएम है और भोपाल उज्जैन स्पेशल गाड़ी का समय शुजालपुर में तड़के 4.20 है. गाड़ी दोनों दिशाओं में तराना, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर और संत हिरदाराम नगर रुकते हुए चलेगी. संगठन अध्यक्ष मोहित चौहान ने रेलवे अधिकारियों द्वारा ज्ञापन पर की गई कार्यवाही पर साधुवाद जताया.

## बीकेएसएन के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण





**शाजापुर, 10 जुलाई. बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर द्वारा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 37 विद्यार्थियों को रिटेल स्टोर्स विशाल मेगा मार्ट देवास का भ्रमण करवाया गया.**

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों के दल को रवाना किया. जहां उन्होंने रिटेल ऑपरेशन प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप में देखा, जाना, समझा एवं अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्नों के माध्यम से शांत किया. साथ ही रिटेल क्षेत्र में रोजगार अवसरों को भी पहचाना. रिटेल आउटलेट-विशाल मेगा मार्ट में विद्यार्थियों ने रिटेल ऑपरेशन के अंतर्गत लॉजिस्टिक, विजुअल मर्केडाईजिंग, प्लानोंग्राम एवं स्टोर ले-आउट के व्यवहारिक ज्ञान को समझा. इसके बाद मार्ट के प्रबंधक अभिजित ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रिटेल ऑपरेशन की संपूर्ण कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया. इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. सुनील आडवानी, डॉ. निलेश महाजन, डॉ. श्वेता चौहान, प्रो. प्रकाश बर्फा, श्रीमती माया मेवाड़ा, अमर वर्मा शामिल हुए. आभार स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. आरसी चौहान ने माना.

## शिवालयों में आज से उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

### श्रावण माह आज से होगा शुरू, एक महीने तक भक्त करेंगे भोले की भक्ति

**शाजापुर, 10 जुलाई. श्रावण माह आज से प्रारंभ होगा. एक महीने तक शिव भक्तों का उत्साह चरम पर रहेगा. हर कोई महादेव की एक झलक पाने शिवालय पहुंचेगा. नगर के महादेव मंदिरों में भी अलसुबह से भक्तों का तांता लगना शुरू हो जाएगा. जहां भक्त मंदिर मे कतार लगाकर महादेव के दर्शन करेंगे.**



कहते हैं श्रावण माह महादेव का अतिप्रिय महीना होता है. मान्यता है कि इस दौरान जिसने महादेव की सच्ची भक्ति कर ली. महादेव उस पर मेहरबान हो जाते हैं. यही वजह है कि श्रावण माह में अलसुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ेगी. खासकर श्रावण के सोमवार में महादेव के भक्त महादेव की भक्ति मे लीन रहेंगे.

#### मंदिरों की की गई साज-सज्जा

11 जुलाई से श्रावण माह शुरू होगा. जिसके चलते शिव मंदिरों में तैयारियों का काम कई दिन पहले ही शुरू हो गया था. कहीं रंग रोगन किया गया, तो कहीं पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई. इसके अलावा मंदिरों में साफ-सफाई भी की गई. श्रावण माह के हर सोमवार को महादेव का आकर्षक श्रृंगार भी किया जाएगा. जहां महादेव के मनोहारी स्वरूप को देखने भक्त सुबह से ही मंदिर पहुंचेंगे.

#### महादेव करेंगे नगर भ्रमण

एक तरफ श्रद्धालु कतार लगाकर मंदिरों में पहुंचेंगे. तो वहीं सावन के हर सोमवार को शाम को महादेव अपने भक्तों से मिलने नगर भ्रमण पर निकलेंगे. नगर के ओंकारेश्वर, नील कंठेश्वर, सोमेवश्वर, जयेश्वर मंदिर से महादेव शाही अंदाज में नगर भ्रमण पर पालकी में सवार होकर निकलेंगे, जिन्हें निहारने और आशीर्वाद पाने उनके भक्त पलक-पावड़े बिछाकर उनकी राह देखेंगे. जैसे ही पालकी भक्तों के सम्मुख पहुंचेगी, लोग दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य करेंगे.

### वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए

**शुजालपुर, 10 जुलाई.** जिले में आए दिन होने वाले सड़क हादसों पर रोक लगाने एवं मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों जैसे बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले चालकों को दृष्टिगत रखते हुए थाना अवंतिपुर बड़ोदिया पुलिस एवं जेएमएफसी गजल पाहवा न्यायालय शुजालपुर द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत खातीखेड़ी जोड़ पर मोबाईल कोर्ट लगाकर यातायात नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने एवं उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही की गई.

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपेंगे एक हजार पौधे

**सोयतकलां, 10 जुलाई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान एक पेड़ मां के नाम को लेकर एक विशेष बैठक विश्राम गृह, सुसनेर में आयोजित की गई. बैठक में तय किया गया कि सोयतकलां क्षेत्र में एक हजार पौधे रोपे जाएंगे. इस पहल का उद्देश्य प्रकृति के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित पर्यावरण देना है. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पौधारोपण अभियान जुलाई माह में संचालित किया जाएगा. इस कार्य को रावली पंचायत के सहयोग से शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां परिसर एवं कंठाल नदी के तट पर स्थित मंदिर क्षेत्र में क्रियान्वित किया जाएगा. यह जानकारी सोयत मंडल के महामंत्री राजेश राठौर ने दी. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने अभियान को संगठन की सामूहिक जिम्मेदारी बताया और सभी कार्यकर्ताओं से इसे जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया. बैठक में भाजपा जिला महामंत्री डॉ. गजेन्द्र सिंह चंद्रावत, जिला मंत्री गिरिजाशंकर राठौर, मंडल महामंत्री पवन शर्मा, कालूसिंह सिसोदिया, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, मंडल अध्यक्ष सजन सिंह, राधेश्याम यादव आदि उपस्थित थे.

## एक नजर में

### फोरलेन का भी प्रारंभिक प्रस्ताव तैयार, करोड़ों की लागत से होगा निर्माण

## नगरीय क्षेत्र से नहीं, ग्रामीण क्षेत्र की सीमा से गुजरेगा बायपास

**सुसनेर, 10 जुलाई. नगरीय क्षेत्र से होकर गुजरने वाले फोरलेन को लेकर प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू हो गई है. फोरलेन निर्माण की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं होने से तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं. हालांकि यह तो स्पष्ट हो गया है कि फोरलेन नगरीय क्षेत्र से नहीं गुजरेगा. इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र से होकर बायपास बनाया जा रहा है. जानकारी के अनुसार करोड़ों की लागत से निर्मित होने वाले प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में सड़क अलायमेंट की डिजाइन तैयार की जा चुकी है.**

प्रस्तावित सर्वे के अनुसार फोरलेन नगरीय क्षेत्र को छोड़कर बायपास से निकाला जा रहा है. जो नगर से पूर्व दिशा में ग्रामीण क्षेत्र ग्राम कायरा, ढाबला ढाबली, श्री आस्था अकेडमी स्कूल, राजबाग मैरिज गार्डन, जामुनिया, आमला नानकार, कड़िया ग्राम के सीमा क्षेत्र से होते हुए निकलेगा. सुसनेर में यह बायपास आगर रोड पर शिवाय होटल के समीप से शुरू होगा व मां बंगलामुखी पंप के पीछे से जामुनिया रोड से राजबाग के पास से होते आस्था स्कूल के पास से मोड़ी रोड होते हुए सोयत रोड़ पर पद्मावती होटल के पास से नेशनल हाईवे 552 जी से आकर जुड़ेगा. अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद भूअर्जन की कार्रवाई आरंभ की जाएगी. कार्रवाई के उपरांत ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने निर्माण एजेंसी को कार्य आवंटित करेगा. जमीन के मालिकों और सौदागरों में भी हलचल तेज हो गई है. जिनकी जमीन अधिग्रहण होना है उनकी चिंता बढ़ रही तो वही जिनकी जमीन फोरलेन के पास आ रही है उनके चेहरे की चमक बढ़ गई है.

### करीब 35 सर्वे नंबरों की जमीने हो सकती है बायपास के लिए अधिग्रहित

फोरलेन बायपास में नगर के आसपास आमला नानकार सहित कुछ ग्रामीण क्षेत्र के करीब 35 सर्वे नम्बर ऐसे है जो इस फोरलेन की जद में आएंगे. इसमे निजी एवं शासकीय जमीन शामिल है. कितनी जमीन जद में आयेगी यह अधिसूचना जारी होने के बाद ही पता चलेगा. जानकारी के अनुसार सर्वे नंबर 257, 247/2, 255/3, 244, 247/1, 255/1, 255/2, 249, 242/3, 242/4, 231, 230, 243, 236, 242/1, 242/2, 232, 241/1, 237/3, 237/4, 234, 220, 204, 237/1, 203/3, 203/2, 203/1, 200, 18, 202, 201, 201/1 एवं 12 नंबर की भूमि बायपास सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहण हो सकती है.

### जमीनों के भाव में उतार-चढ़ाव शुरू...

बायपास की खबर से जमीनों के दामों में तेजी से उतार-चढ़ाव शुरू हो गया है. जिनकी जमीन अधिग्रहण की जद में है वे चिंतित हैं, जबकि जिनकी जमीन बायपास के नजदीक हैं वे भविष्य की संभावनाओं को लेकर उत्साहित है. अगर जमीन अधिग्रहित होती है तो शासन की गाईड लाइन के अनुसार उसका मुआवजा मिलेगा. इससे जमीनों के मालिक और दलाल चिंतित हैं. सूत्रों के अनुसार बायपास को प्रस्तावित सर्वे के अनुसार नहीं गुजरने देने के लिए कुछ नेताओं ने बड़ी डील की है. इस डील की राशि 8 अंकों में हो सकती है.

#### इनका कहना है

*एनएचएआई के निर्धारित अलायमेंट के संबंध में प्रारंभिक सर्वे हुआ है. नगरीय क्षेत्र से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों से बायपास होकर निकलेगा, प्रक्रिया चल रही है.*

**- सर्वेश यादव, एसडीएम, सुसनेर**